देश कानूनों से नही चरित्र से चलता है: राजनाथ



लखनऊ। देश के रक्षा मंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने लखनऊ को आध्यात्मिक शांति और सामरिक शक्ति का अनूठा संगम बताया। उन्होंने कहा कि शहर ब्रह्माकुमारीज की शांति और ब्रह्मोस के शौर्य दोनों का प्रतीक है। ब्रह्माकुमारीज की स्थापना के 90 वर्ष और लखनऊ में उनकी उपस्थिति के 72 वर्ष पूरे होने के अवसर पर कार्यक्रम में रक्षामंत्री ने विकसित भारत के सपने में लखनऊ के योगदान की सराहना की ।उन्होंने कहा कि जहां भारत विभिन्न क्षेत्रों में वैश्विक मील के पत्थर हासिल कर रहा है, वहीं हमारे आंतरिक जगत में आत्मनिरीक्षण महत्वपूर्ण है। बोले, हम अपने आंतरिक जगत में क्या हो रहा है, इस पर पकड़ नहीं बना पा रहे हैं। सोचना चाहिए कि क्या बाहरी दुनिया में आगे बढ़ते हुए हम अपने आंतरिक जगत में पिछड़ रहे हैं। ब्रह्माकुमारीज का महत्व ऐसे में और भी बढ़ जाता है।ष् उन्होंने सिंध में एक छोटी आध्यात्मिक पहल से वैश्विक आंदोलन तक ब्रह्माकुमारीज की यात्रा को स्वीकार किया और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका, विशेषकर महिलाओं के योगदान की प्रशंसा की ।उन्होंने कहा कि देश कानूनों से नहीं, चरित्र से चलता है और समाज में केवल अच्छे संस्कार ही विश्वास पैदा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इसलिए आध्यात्मिक विकास, केवल व्यक्ति की मुक्ति का मार्ग नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय चरित्र के निर्माण का मार्ग है। रक्षा मंत्री ने कहा, हम 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य सामने रखकर कार्य कर रहे हैं। हमारे लिए विकसित भारत का अर्थ केवल पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था नहीं है। वह उसका एक महत्वपूर्ण घटक अवश्य है, लेकिन विकसित भारत का हमारा सपना इससे कहीं व्यापक है।ष्उन्होंने कहा कि लखनऊ में एक महत्वपूर्ण ब्रह्मोस सुविधा है, जो उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के तहत एक प्रमुख परियोजना है, जो उन्नत मिसाइल प्रणालियों की पूर्ण असेंबली, एकीकरण और परीक्षण के लिए जिम्मेदार है। यह सुविधा शहर के सामरिक महत्व को रेखांकित करती

लखनऊ शांति और सामरिक शक्ति का प्रतीक

है। उन्होंने गुलजार उपवन में दिव्य संस्कृति भवन का भी उद्घाटन किया, जिससे लखनऊ के सांस्कृतिक और सामरिक महत्व का मिश्रण और मजबूत हुआ। देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को अपने संसदीय क्षेत्र के कार्यक्रम में सवाल किया कि 21वीं सदी के भारत में आध्यात्मिकता का क्या स्थान होगा। उन्होंने इसका जवाब देते हुए कहा कि देश ऐसे दौर में है जहां अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ रही है, स्पेस में पहुंचने के साथ आर्टिफिशल इंटेलीजेंस के क्षेत्र में दखल बढ़ रहा है लेकिन यदि मन पर नियंत्रण नहीं है तो सब बेकार है। ऐसे में ब्रह्मकुमारीज का महत्व बढ़ जाता है, क्योंकि वह मन की जीतने की कला सिखा रहे हैं। जोर देकर कहा कि भारत आध्यात्मिकता के साथ चलकर ही विकसित होगा और विश्व गुरु बनेगा। सुलतानपुर रोड पर गुलजार उपवन में शुक्रवार को शिदव्य संस्कृति भवनश् का लोकार्पण के बाद रक्षामंत्री ने कहा कि आध्यात्मिकता का अर्थ स्वयं के शरीर से आगे देखना है।

व्यावसायिक शिक्षा के कौशल मानक पूरा करने वाला देश का पहला राज्य यूपी-कपिलदेव

लखनऊ। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनईपी-2020 के अनुरूप स्कूली शिक्षा को रोजगारपरक कौशल विकास से जोड़ने की दिशा में उत्तर प्रदेश ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति की व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत निर्धारित कौशल विकास के सभी पांचों मानकों को पूरा करने वाला उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है। कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन और मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार युवाओं को केवल डिग्रीधारक ही नहीं, बल्कि हुनरमंद और स्वावलंबी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की महत्वाकांक्षी योजना प्रोजेक्ट प्रवीण के तहत संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम में दो नए मॉड्यूल वित्तीय कौशल और उद्यमिता विकास को सम्मिलित किया गया है। इससे स्कूली विद्यार्थियों को अब तकनीकी दक्षता व डिजिटल समझ के साथ-साथ वित्तीय जागरूकता और उद्यमिता की बुनियादी व्यावहारिक जानकारी भी मिल रही है।

शत-प्रतिशत पंजीकरण के लिए चलेगा विशेष अभियान- नवदीप रिणवा

गाजियाबाद में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 की तैयारियों की हुई समीक्षा

लखनऊ,(आज समाचार सेवा)। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा की अध्यक्षता में जनपद गाजियाबाद में विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की तैयारियों, मतदाता सूची के आलेख्य प्रकाशन तथा अधिक से अधिक पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी पात्र नागरिकों से अनुरोध किया कि वे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के दौरान बढ़-चढ़कर भाग लें। 17 नवम्बर को प्रकाशित होने वाली आलेख्य मतदाता सूची में अपना एवं अपने परिवार के सदस्यों का नाम अवश्य जांचें। यदि किसी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में नहीं है तो फॉर्म-6 भरकर नाम शामिल कराने तथा किसी विवरण में त्रुटि होने पर फॉर्म-8 के माध्यम से संशोधन कराने के लिए निर्धारित अवधि में आवेदन करें। लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना आवश्यक है। गाजियाबाद में



मतदाता पंजीकरण की स्थिति पर विशेष ध्यान देते हुए बताया कि वर्तमान में जिले की मतदाता सूची में लगभग 23 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम दर्ज हैं, जबकि अनुमान के अनुसार लगभग 10 लाख ऐसे पात्र नागरिक अभी भी मतदाता सूची से बाहर हैं, जिनका नाम सूची में शामिल होना चाहिए। उन्होंने इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास करने के निर्देश दिये। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के अंतर्गत 17 नवम्बर, 2026 को मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन किया जाएगा। प्रत्येक नागरिक को अपनी एवं अपने परिवार के सदस्यों की मतदाता सूची में प्रविष्टियों की जांच करने का अवसर मिलेगा। नागरिक अपने नाम, आयु, लिंग एवं फोटो सहित अन्य विवरणों की शुद्धता भी जांच सकेंगे। उन्होंने बताया कि आलेख्य मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद 17 नवम्बर से 16 दिसम्बर तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। इस अवधि में पात्र नागरिकों का नाम शामिल कराने के लिए फॉर्म 6, मतदाता सूची में नाम शामिल किए जाने पर आपत्ति अथवा अपात्र व्यक्ति का नाम हटवाने के लिए फॉर्म-7 तथा नाम, पता एवं अन्य विवरणों में संशोधन, निवास परिवर्तन, ईपीआईसी प्रतिस्थापन एवं दिव्यांग मतदाता के रूप में चिह्नांकन के लिए फॉर्म-8 भरा जा सकेगा। प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण 28 दिसम्बर तक किया जाएगा तथा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 04 जनवरी 2027 को होगा। बैठक में रोल ऑब्जर्वर मण्डलायुक्त जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, सभी विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उपस्थित रहे।

मत्स्य विभाग व वर्ल्डफिश सेंटर के मध्य हुआ एमओयू

लखनऊ, । वर्ल्डफिश गोरखपुर में मत्स्य धनलक्ष्मी के. व वर्ल्डफिश



उत्तर प्रदेश फिशरीज प्रोजेक्ट ऑफिस खोलेगी। इस निमित्त शुक्रवार को उत्तर प्रदेश, मत्स्य विभाग तथा वर्ल्ड फिश सेंटर, मलेशिया के बीच एमओयू हुआ। समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान उत्तर प्रदेश सरकार की महानिदेशक सेंटर, मलेशिया के महानिदेशक डॉ. ईसाम यासीन मोहम्मद ने किया ।योजना के माध्यम से पूर्वांचल के मत्स्य पालकों, हैचरी संचालकों, युवाओं, शोधकर्ताओं एवं विभागीय कार्मिकों को व्यावहारिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा ।महानिदेशक मत्स्य धनलक्ष्मी के. ने बताया कि एमओयू का उद्देश्य प्रदेश में मत्स्य उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि, गुणवत्तायुक्त मत्स्य बीज की उपलब्धता, आधुनिक मत्स्य पालन तकनीकों के प्रसार तथा मत्स्य पालकों की आय में वृद्धि करना है। योजना के माध्यम से प्रदेश में आधुनिक मत्स्य बीज उत्पादन केन्द्र हैचरी विकसित कर उन्नत मत्स्य बीज उत्पादन, मत्स्य उत्पादन व उत्पादकता एवं खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देना साथ ही उन्नत प्रजातियों के गुणवत्तायुक्त मत्स्य बीज उत्पादन तकनीक का विकास एवं मत्स्य विभाग के अधिकारियों एवं मत्स्य पालकों का तकनीकी प्रशिक्षण व एक्सपोजर विजिट के माध्यम से क्षमता विकास करना है।

यूपी में 12 ट्रेनी आईपीएस को मिली जिलों में तैनाती

लखनऊ ।उत्तर प्रदेश में 12 ट्रेनी आईपीएस अधिकारियों को जिलों में प्रशिक्षण के लिए तैनात कर दिया गया है। आदेश के अनुसार इन अधिकारियों को अलग-अलग जनपदों और कमिश्नरेट में भेजा गया है, जहां वे फील्ड ट्रेनिंग के दौरान पुलिसिंग की बारीकियां सीखेंगे ।जिस आईपीएस अफसरों को तैनाती दी गई हैं उसमे अभिषेक अंजनी सिंह आईपीएस को गोरखपुर,आदित्य आचार्य को कमिश्नरेट वाराणसी,अक्षत मणिडवाल को जौनपुर,आर्येन्द्र कुमार को कमिश्नरेट गाजियाबाद में तैनात किया गया है ।आईपीएस अर्पिता को हरदोई,कशिश कालरा को कानपुर देहात और कुणाल कुमार को प्रतापगढ़,कुणाल यादव को सहारनपुर,राजेन्द्र बिश्नोई को एटा, शिवांक चौधरी को कमिश्नरेट लखनऊ,सृष्टि मिश्रा को मथुरा व योगेन्द्र मीणा को सीतापुर व लखनऊ कमिश्नरेट में शिवांक चौधरी, वाराणसी में आदित्य आचार्य और गाजियाबाद में तैनात किया गया है।

यूपी में भाजपा तीसरी बार बनायेगी प्रचण्ड बहुमत की सरकार-दारा सिंह चौहान

लखनऊ। प्रदेश के कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने आज यहां कहा



कि भाजपा तीसरी बार प्रचण्ड बहुमत के साथ सरकार बनायेगी बहुमत के साथ सरकार बनायेगी,उन्होंने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार ने गांव-गली और मोहल्ले के विकास कार्यो की डबल स्पीड से काम करके अपने संकल्प को पूरा किया है। श्री चौहान शुक्रवार को मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार और यूपी की योगी सरकान ने प्रदेश के हर वर्ग का खुशहाली लाने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि,उज्जवला योना,प्रधानमंत्री आवास, आशुष्मान कार्ड, मुख्यमंत्री आवास,मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना,निवेश मित्र पीएम मित्र पार्क योजना के अलावा कल्याणकारी योजनाओं को जमीन पर उतारकर हर वर्ग के जीवन में उत्थान लाने का कार्य कर रही है। श्री चौहान ने कहा कि भाजपा के काम बोल रहे हैं,योगी जी के शासन की तारीफ की जा रही है किसी के साथ भेदभाव नहीं किया गया। आज किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल रहा है। एक सवाल के जवाब में श्री चौहान ने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश का नाम पिछले पायदान पर था,आज उत्तर प्रदेश का नाम हर योजना में नम्बर एक पर चल रहा है,हर हाथ और हर महिला को काम दिया जा रहा

किसी के साथ नहीं हुए भेदभाव

है,युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रदेश में ओडीओपी योजना को बढ़ावा दिया गया है। श्री चौहान ने कहा कि विपक्षी दलों की प्रदेश में सरकार रही है,उनके राज के कारनामें किसी से छिपे नही हैं। श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में युवाओं को बिना भेदभाव के सरकारी नौकरी मिल रही है। पहले ऐसा नहीं होता था। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा और उसके सहयोगी दल 2017 से ज्यादा सीटें जीतकर यूपी में सरकार बनायेंगे। उन्होंने कहा कि विपक्ष की जमीन खिसक चुकी है।

तीन विशेष सचिव समेत आठ अधिकारियों का तबादला

लखनऊ,)। लखनऊ में सचिवालय प्रशासन ने तीन आदेश जारी किए, जिसमें तीन विशेष सचिव और पांच संयुक्त सचिव शामिल हैं। विशेष सचिव संदीप परमार को सचिवालय प्रशासन, असीम कुमार सिंह को कार्मिक और विनय कुमार सिंह को कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग मिला। संयुक्त सचिव राजेश पाण्डेय को संसदीय कार्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग मिला। आफाक अहमद को बाह्य सहायतित परियोजना और हरी लाल सिंह को खाद्य एवं रसद विभाग भेजा गया, जबकि राजेश्वरी प्रसाद और चंद्रिका प्रसाद यथावत रहेंगे।

मुख्य सचिव ने की सहायक आचार्य परीक्षा-2026 की तैयारियों की समीक्षा

लखनऊ। मुख्य सचिव एसपी गोयल की अध्यक्षता में आज सहायक आचार्य परीक्षा-2026 के सफल आयोजन हेतु तैयारियों की समीक्षा बैठक हुई। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि परीक्षा को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, पारदर्शी और सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराया जाए। परीक्षा से संबंधित व्यवस्थाएं निर्धारित समयसीमा में कर ली जाएं। परीक्षा केंद्रों पर कोषागार प्रबंधन, कार्मिकों की तैनाती एवं समुचित प्रशिक्षण तथा आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था समय से पूरी की जाए। परीक्षा के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सहित आवश्यक सुरक्षा प्रबंध किए जाएं। परीक्षा कक्षों में प्रकाश की समुचित व्यवस्था रहे। उन्होंने परीक्षा की गोपनीयता एवं शुचिता बनाए रखने पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिए कि गोपनीय परीक्षा सामग्री के भंडारण एवं परिवहन के दौरान निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल का कड़ाई से अनुपालन किया जाए। कोषागार से परीक्षा सामग्री की निकासी और परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा सामग्री के वितरण में बेहतर समन्वय एवं विशेष ध्यान दिया जाए। कार्मिकों की विधिवत ब्रीफिंग की जाए, जिससे निकासी एवं वितरण के समय कोई भ्रम की स्थिति न रहे। परीक्षा सामग्री की सीलिंग एवं अन्य संबंधित प्रक्रियाओं में निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

68 कांग्रेसियों पर गिरी गाज

लखनऊ। संगठन के प्रति ईमानदारी न दिखाने व लापरवाही बरतने को लेकर अक्सर कार्यकर्ताओं को पदाधिकारियों की सख्ती का सामना तो करना पड़ता ही है। ऐसा ही एक्शन यूपी कांग्रेस की यूथ विंग में भी देखने को मिला है। बताते हैं कि शीर्ष पार्टी नेतृत्व के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद कांग्रेस नेता राहुल गांधी की दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित रैली से दूरी बनाना उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों को भारी पड़ गया है। अब राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के 68 पदाधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। युवा कांग्रेस की आधिकारिक निलंबन सूची के अनुसार कार्रवाई की जद में प्रदेश इकाई से लेकर जिला स्तर तक की जिम्मेदारी संभाल रहे प्रमुख नेता शामिल हैं।

लखनऊ रेंज में तबादलों का बम, एक झटके में बदले गए 162 इंस्पेक्टर

लखनऊ ।2027 के विधानसभा चुनाव की आहट के साथ ही पुलिस महकमे में तबादलों की झड़ी लग गई है। लखनऊ रेंज में एक ही झटके में 162 इंस्पेक्टरों को नई जिम्मेदारी सौंप दी गई है। आईजी किरण एस के हस्ताक्षर से जारी हुए आदेश ने पांच जिलों की पुलिसिंग का पूरा नक्शा बदल दिया है ।जिन जिलों में यह बड़ा फेरबदल हुआ है, उनमें हरदोई, सीतापुर, उन्नाव, रायबरेली और लखीमपुर खीरी शामिल हैं। इन जिलों में लंबे समय से जमे इंस्पेक्टरों को अब दूसरे जिले में जाना होगा। मसलन, हरदोई वाले सीतापुर या उन्नाव जाएंगे, तो सीतापुर वाले रायबरेली या खीरी। पूरी अदला-बदली इन्हीं पांच जिलों के अंदर ही की गई है ।इन तबादलो के पीछे वजह चुनाव आयोग का नियम है। आयोग चाहता है कि चुनाव से पहले कोई भी इंस्पेक्टर एक ही जिले में ज्यादा समय तक जमा न रहे, ताकि चुनाव निष्पक्ष हो सके। इसलिए जिन इंस्पेक्टरों का एक जिले में तीन साल का कार्यकाल पूरा होने वाला है, उन्हें हटाया गया है ।मुख्यालय से आए पत्र के बाद रेंज के स्थापना बोर्ड ने बैठक कर नाम तय किए और फिर सूची जारी हुई ।इस सूची में एक नाम ने सबका ध्यान खींचा। इंस्पेक्टर इंद्रपाल सिंह सेंगर का पहले हुआ तबादला रोक दिया गया है। उन्हें फिर से हरदोई में ही रखा गया है ।आईजी ने सभी एसपी को हिदायत दी है कि इस काम में ढील न बरती जाए। तबादला हुए इंस्पेक्टरों को फौरन रिलीव करके नए जिले के लिए भेजा जाए और इसकी जानकारी मुख्यालय को भी दी जाए ।पुलिस महकमे में इसे चुनावी तैयारी का पहला बड़ा कदम माना जा रहा है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में और भी तबादले हो सकते हैं।

अमित शाह से मिले संजय निषाद

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार के मत्स्य विभाग के मंत्री संजय निषाद नई दिल्ली पहुंचे। उन्होंने देश गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से उनके आवास पर मुलाकात की। गृहमंत्री अमित शाह से निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद की मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया गया है। इस अवसर पर संजय निषाद ने कहा कि गृहमंत्री हमारे अभिभावक हैं और उनका आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन हमारे लिए सदैव महत्वपूर्ण है ।उन्होंने बताया कि भेंट के दौरान निषाद समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों तथा पार्टी पदाधिकारियों से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई और मांगों से संबंधित पत्र भी सौंपा। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर निषाद पार्टी के भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर चुनाव लड़ने तथा जीत की रणनीति एवं समीकरणों पर भी सकारात्मक वार्ता हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय निषाद ने कहा कि 2027 में उत्तर प्रदेश में एनडीए की सरकार प्रचंड बहुमत के साथ बनने जा रही है।

एसआईआर में नाम कटने पर भाजपा का बड़ा मंथन

लखनऊ। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर उत्तर प्रदेश में सियासी हलचल तेज हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से मतदाता सूची से 1.27 करोड़ हिंदू मतदाताओं के नाम कटने को लेकर सवाल उठाए जाने के बाद भाजपा संगठन सक्रिय हो गया है। पार्टी ने छूटे हुए मतदाताओं के नाम दोबारा जुड़वाने के लिए अभियान तेज करने की तैयारी की है ।इसी सिलसिले में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने शुक्रवार को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में संगठन की कार्यशाला है। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी दोपहर शामिल हुए। बैठक में प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह, सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर सहित प्रदेश और क्षेत्रीय स्तर के वरिष्ठ नेता मौजूद हुए। करीब 700 से अधिक पदाधिकारियों को बुलाया गया है। इनमें जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, क्षेत्रीय प्रभारी, जिला और विधानसभा मतदाता प्रमुख तथा आईटी संयोजक शामिल हुए,बैठक में एसआईआर के दौरान छूटे मतदाताओं तक पहुंचने और उनके नाम मतदाता सूची में शामिल कराने की रणनीति पर चर्चा हो हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से मतदाता सूची में नाम कटने को लेकर चिंता जताए जाने के बाद प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने भरोसा दिया था कि विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी कार्यकर्ता हर घर तक पहुंचेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को छूटे हुए मतदाताओं के नाम जुड़वाने की जिम्मेदारी सौंपने की बात कही थी। अभियान की रूपरेखा और जिम्मेदारियों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

निश्चित रूप से जितेगा इंडिया गठबंधन: राजेन्द्र पाल गौतम

2027 का विधानसभा चुनाव कांग्रेस व इण्डिया गठबंधन का,हम लड़ेंगे और जीतेंगे-आराधना मिश्रा

लखनऊ। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि आगामी



2027 का विधानसभा चुनाव कांग्रेस और इण्डिया गठबंधन का है हम लड़ेंगे और जीतेंगे। आज मिशन 2027 का आगाज हो रहा है आप सभी कांग्रेस के योद्धा हैं। उन्होने कहा कि 4 महत्वपूर्ण विषय हैं जिन पर हमें आपको कार्य करना है और युद्ध के लिए तैयार करना है। उन्होने कहा कि पहला मीडिया है, जो चुनाव के लिए नैरेटिव सेट करने का काम करता है कैसे माहौल बनेगा इसे तय करना है। दूसरा सोशल मीडिया राजनीतिक, सामाजिक एवं व्यक्तिगत जीवन का महत्वपूर्ण अंग है, इसका किस तरह सकारात्मक रूप से उपयोग करना है यह बहुत आवश्यक है। तीसरा वार रूम जब लड़ाई के लिए योद्धा निकलता है तो किस तरह लड़ाई करनी है इसकी जानकारी वार रूम से दी जाती है। चौथा विधि विभाग.एसआईआर के लिए जननायक राहुल गांधी के संघर्ष को लेकर आज पूरा देश खड़ा हो गया। हमारे नेताओं ने बहुत मेहनत की और उस मेहनत से जो माहौल बना उसे जनता तक पहुंचाने की जिम्मेदारी हमारी और आपकी है। वोटर के वोट को सुरक्षित रखते हुए उसको बूथ तक पहुंचाने की जिम्मेदारी हमारी आपकी है। उन्होने कहा कि आज के बाद आप लोगों को जिले जिले कांग्रेस और इण्डिया गठबंधन को मजबूत करना है चुनाव लड़ना है लड़ाना है और हम निश्चित जीतेंगे। यह बातें उन्होने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर प्रदेश भर के जिला, शहर अध्यक्षों, फ्रंटल संगठनों के अध्यक्षों, विभागों व प्रकोष्ठों के प्रदेश प्रमुखों के लिये कार्यशाला को सम्बोधित करते हुये व्यक्त कीं। कार्यशाला की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई। इस दौरान यूपी कांग्रेस प्रभारी राजेन्द्र पाल गौतम ने कहा कि संगठन सृजन के जरिए जो जिला एवं शहर अध्यक्ष नियुक्त हुए थे वह बने रहेंगे लेकिन निष्क्रिय और कार्य न करने वाले जिला-शहर अध्यक्षों को अवश्य बदला जाएगा। उन्होने कहा कि आप लोगों को सबसे पहले अपने मन में जीतने की दृढ़ इच्छा शक्ति बनानी होगी क्योंकि मन के हारे हार है मन के जीते जीत। उन्होने कहा कि जिसने जीतने का मन बना लिया उसे कोई हरा नहीं सकता। कांग्रेसजनों को अपने गौरवशाली इतिहास को याद करना होगा। उन्होने कहा कि आज जाति और धर्म की राजनीति के दौर का अंत हो चुका है। आज जो पार्टी सत्ता में है उसने कांग्रेस के बनाये सैंकड़ों सार्वजनिक उपक्रमों को बेंचने के लिए नया मंत्रालय बनाकर बेंचने का काम किया है। उन्होने पीलीभीत का उदाहरण देते हुए कहा कि सभी लोग 15 दिन के अंदर हर बूथ पर चार लोगों की कमेटी बनाकर एसआईआर ड्राफ्ट की प्रति लेकर मतदाता सत्यापन का कार्य पूर्ण करें और मजबूती के साथ बूथों पर लग जाएं। जबकि कार्यकारी अध्यक्ष एवं सांसद इमरान मसूद ने कहा कि आज के परिवेश में भाजपा और नरेन्द्र मोदी से कोई लोहा ले रहा है तो वह राहुल गांधी जी हैं। उन्होने कहा कि चुनाव नैरेटिव पर लड़ा जाता है, भाजपा जितना कुछ कर सकती थी उसने किया, किन्तु देश के लिए राहुल गांधी जी लड़े, झुके नहीं डरे नहीं, यह नैरेटिव हम लोगों को बनाना है। प्रयास करने से रास्ते खुद ब खुद खुल जायेंगे। इसके अलावा कार्यशाला को एआईसीसी मीडिया विभाग के चेयरमैन एवं सांसद पवन खेड़ा ने सम्बोधित किया।

सपा ने 25 लाख डुप्लीकेट वोटर खोजे,आयोग हमें इनाम दे-अखिलेश

योगी के जाओ भैंस चराओ वाले बयान को अखिलेश ने बताया गोपालकों का अपमान

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि सपा ने 25 लाख डुप्लीकेट वोटर खोजे हैं, इसकी सूची चुनाव आयोग को सौंपी जायेगी। चुनाव आयोग हमें इनाम दे। उन्होंने आशा जताई कि निष्पक्ष चुनाव के लिए आयोग डीजीपी, मुख्य सचिव व अपर मुख्य सचिव होम को हटाकर नई तैनाती करेगा। उन्होने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें पहले कैसे पता चल जाता है कि वोट कटा है। मुख्यमंत्री ने समाज में डर फैलाने और चुनावी लाभ के लिए 1.27 करोड़ हिन्दू वोट कटने का बयान दिया है। यह बातें उन्होने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय पर आयोजित पत्रकारवार्ता में व्यक्त कीं। श्री

बाहरी प्रदेशों के मतदाताओं के नाम जोड़वाने की साजिश

यादव ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि 6 से 10 जनवरी के बीच यूपी विधानसभा चुनाव की घोषणा हो जाएगी। इंडिया गठबंधन विधानसभा चुनाव के लिए तैयार है। उन्होने सामाजिक परिवर्तन मोर्चा पर तंज करते हुए कहा की सियासत में सैलानी तो आते ही हैं, मैं चाहता हूं की उन्हें परमानेंट यहां रहना चाहिए, जिससे बातचीत होती रहेगी। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी और पीडीए प्रहरी यूपी विधानसभा चुनाव की तैयारियां लगातार कर रहे हैं। मतदाता सूची में नाम होना जरूरी है। श्री यादव ने दावा किया सपा अपना वोट बचाने में कामयाब रही है। उन्होंने मतदाता सूची में गड़बड़ियों



को लेकर सरकार और चुनावी व्यवस्था पर सवाल भी उठाए। उन्होंने भाजपा की मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर हुई बैठक पर आरोप लगाया कि यह मतदाता सूची सुधारने की नहीं, बल्कि चुनाव लूटने की योजना बनाने की बैठक है। लखनऊ में एक ही व्यक्ति के हस्ताक्षर से 100 से अधिक फॉर्म भरे गए। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष के नाम से भी वोट कटवाने का प्रयास हुआ। उन्होने आशंका जताई कि स्थानांतरण और फर्जी नामों के जरिए मतदाता सूची में नए मतदाता जोड़े जा सकते हैं। मध्य प्रदेश, झारखंड, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड से लोगों को लाकर उनके वोट भी भाजपा बवना सकती है। मुख्यमंत्री के जाओ भैंस चराओ वाले बयान पर नाराजगी जताते हुए श्री यादव ने कहा कि मंच से गोपालकों का अपमान किया गया है, जो अक्षम्य है। उन्होंने भाजपा सरकार पर काऊ मिल्ट प्लांट को बर्बाद करने का आरोप लगाते हुये कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर वाराणसी दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र को गोवंश ईकाई में बदलेंगे। उन्होने फिर मांग की कि मतदाता सूची को आधार से जोड़ा जाए और इसे धातु का बनाया जाए। उन्होने आजम खां का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा ने उन्हें फंसाया है। आजम खान से जुड़े शैक्षणिक संस्थान पर प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई को लेकर भी सवाल उठाए। अपने अयोध्या दौरे को लेकर कहा कि ये घोषणा पवन पांडेय ने ग्रह=नक्षत्र देखकर की है। भगवान बुलाएंगे तो जाएंगे। अयोध्या में उनके दौरे को लेकर साधु-संतों की बैठक पर सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर कौन फोन करके बैठक करने के लिए कह रहा है। बहुत सारे साधु-संत भी चाहते हैं कि वह अयोध्या जायें। उन्होने कहा कि भाजपा षडयंत्रकारी है। आशंका है कि जिस दिन वोट पड़ेगा बूथ के अन्दर और बाहर अलग-अलग वोटरलिस्ट हो सकती है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश की कानून व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य सब बर्बाद कर दिया। एनसीआरबी के आंकड़ों से स्पष्ट है कि भाजपा सरकार में दलितों पर अपराध सबसे ज्यादा हुए हैं। महिलाओं के खिलाफअपराध में उत्तर प्रदेश नम्बर एक पर है। साइबर अपराध में यूपी नम्बर एक है। पुलिस हिरासत में लोगों की मौतों के मामले में यूपी नम्बर एक पर है। भाजपा सरकार में जेल में सबसे ज्यादा पीडीए समाज के लोग है। सबसे ज्यादा फर्जी एनकांउण्टर पीडीए समाज के लोगों का हुआ है। मुख्यमंत्री जी ने अपनी राजनीतिक छवि चमकाने के लिए सूचना विभाग का बजट कई गुना बढ़ा दिया है। वह प्रधानमंत्री जी से भी ज्यादा पैसा अपने राजनीतिक चेहरे को चमकाने के लिए खर्च कर रहे हैं।

2027 का चुनाव जीने-मरने का चुनाव

लखनऊ ।समाजवादी पार्टी के सूबाई द तर में पार्टी के कैडर, 86 विधानसभा आरक्षित सीटों के विधानसभाध्यक्षों, ब्लाक प्रभारियों तथा प्रमुख जनपदीय नेताओं की बैठक स पन्न हुई। मु य अतिथि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मु यमंत्री अखिलेश यादव ने 2027 विधानसभा चुनाव को जिताने का लक्ष्य दिया और कार्यकर्ताओं को जि मेदारी सौंपी। अखिलेश यादव ने कहा कि 2027 का चुनाव जीने-मरने का चुनाव है। लोकतंत्र के लिए भी यह महत्वपूर्ण है। इस चुनाव में भाजपा की चालों से सतर्क रहना है और सावधानी से चुनाव लड़ना है। अपने व्यवहार और भाशा में संयम बरतना है। समाजवादी पार्टी पर बड़ी जि मेदारी है। भाजपा राजनैतिक दल नहीं, एक गैंग है। भाजपा बहुत शातिर पार्टी है। भाजपा ने जनता को तबाह करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से लोग परेशान है। कानून व्यवस्था ध्वस्त है। किसान, नौजवान भाजपा की नीतियों से त्रस्त है। भाजपा ने जो भी वायदा किया था उनका एक भी वायदा पूरा नहीं हुआ। भाजपा ने विकास कार्यो के नाम पर खुद कुछ भी नहीं किया। समाजवादी सरकार में जो काम हुए थे उनका नाम बदलकर अपना नाम लगा दिया है। प्रदेश में एक भी बिजली घर नहीं बना। एक यूनिट बिजली का उत्पादन नहीं हुआ। दस वर्ष के भाजपा शासनकाल में विध्वंस करने का ही काम किया गया है।